हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

04 आंगनबाड़ी के सामने गंदगी का अंबार, बच्चों और...



07 रेलवे ठेकेदार ने फिर की ब्लास्टिंग घरों में नुकसान...





## खबर संक्षेप

### सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन 18 जनवरी से

**सीहोर।** शहर के इतिहास में पहली बार प्राचीन करोली माता मंदिर में आगामी 18 जनवरी से 27 जनवरी तक प्रतिदिन सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह है। आयोजन को लेकर एक समिति का गठन किया गया है। जिसमें कार्यक्रम अध्यक्ष विवेक राठौर आदि को शामिल किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी प्रदीप समाधिया ने बताया कि दस दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्रवासियों के अलावा यज्ञकर्ता सहित विप्रजन भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। यज्ञ का शुभारंभ मौनी अमावस से पूर्ण विधि-विधान के साथ किया जाएगा। पहले दिन भव्य कलश यात्रा हेमाद्री दोपहर तीन बजे और 19 जनवरी को अग्नि स्थापना नित्य हवन पूजन सुबह सात बजे से पांच बजे तक जारी रहेगी। यज्ञ आचार्य पंडित महादेव शर्मा के मार्गदर्शन में देश भर से आए 108 विप्रजनों के द्वारा दिव्य अनुष्ठान समापन कराया जाएगा।

### धान उपार्जन की अवधि 20 जनवरी तक

**सीहोर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की अवधि 20 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। इसके साथ ही धान विक्रय हेतु किसानों को 13 जनवरी 2026 से स्लॉट बुकिंग की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर बालागुरु के. ने संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपार्जन अवधि एवं स्लॉट बुकिंग की जानकारी का सभी स्तरों पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान समय पर पंजीयन कर स्लॉट बुक कर सकें और समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त कर सकें। किसानों से अपील है कि वे तिथियों के भीतर पोर्टल पर स्लॉट बुकिंग कर अपने नजदीकी उपार्जन केंद्रों पर धान विक्रय करें।

### जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र आईडी अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

### पड़ताल के दौरान परिसर में नजर आई गंदगी, वाटर कूलर खराब, छात्र बोले : डाइट भी बराबर नहीं दी जा रही

# प्रबंधन की अनदेखी के चलते आवासीय खेलकूद संस्थान में खिलाड़ियों की सेहत से हो रहा खिलवाड़

पड़ताल में सामने आया कि संस्थान के भीतर लगा वाटर कूलर सालों से शोपीस बना हुआ है। मजबूरी में छात्र सीधे छतों पर रखी टंकियों का पानी पी रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश की खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए जिला मुख्यालय पर स्थापित प्रदेश का एकमात्र आवासीय खेलकूद संस्थान इन दिनों अपनी बदहाली के आंसू रो रहा है। सुविधाओं के नाम पर करोड़ों के बजट वाले इस संस्थान में भविष्य के खिलाडियों को न तो ढंग का खाना मिल रहा है और न ही पीने को साफ पानी। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि यहां की तुलना पिछले दिनों विवादों में रहे कोठरी स्थित वीआईटी कॉलेज से की जाने लगी है, जहां दूषित भोजन और पानी के चलते एक छात्रा की जान चली गई थी।

पड़ताल में सामने आया कि संस्थान के भीतर लगा वाटर कूलर सालों से शोपीस बना हुआ है। मजबूरी में छात्र सीधे छतों पर रखी टंकियों का पानी पी रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इन टंकियों की सालों से सफाई नहीं हुई है। इसी दूषित पानी का उपयोग मेस में खाना बनाने के लिए भी किया जा रहा है। मेस के भीतर चारों ओर गंदगी का साम्राज्य है, जो संक्रामक बीमारियों को खुला निमंत्रण दे रहा है।



### कच्ची रोटियां और मेन्यू से गायब डाइट

खिलाडियों को मिलने वाली डाइट के नाम पर यहां केवल खानापूर्ति हो रही है। छात्र हेमंत परमार ने बताया कि मेस में रोटियां अक्सर कच्ची दी जाती हैं। मेन्यू के अनुसार पोषण युक्त भोजन नहीं मिलता। नियमों के मुताबिक ठंड की शुरुआत से ही डाइट में अंडे शामिल होने थे, लेकिन लापरवाही का आलम यह है कि इन्हें अब देना शुरू किया गया है।



### दूषित पानी से छात्र हुआ बीमार

संस्थान की लापरवाही का सबसे बड़ा शिकार 9वीं का छात्र योगेंद्र यादव हुआ। दूषित पानी पीने की वजह से योगेंद्र को पीलिया हो गया। हालत इतनी बिगड़ी कि उसे इलाज के लिए अपने घर जाना पड़ा, जहां वह 15 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहा। हाल ही में स्वस्थ होकर लौटे योगेंद्र की आपबीती यहां के अन्य छात्रों के डर को और बढ़ा रही है।

### वीआईटी कांड से कोई सबक नहीं लिया

बीते महीनों कोठरी स्थित वीआईटी कॉलेज में गुणवत्ताहीन भोजन के कारण अनेक छात्रों को पीलिया हुआ था और एक छात्रा की मौत के बाद 4000 छात्रों ने कैंपस में भारी तोडफ़ोड़ व आगजनी की थी। मामला विधानसभा से लेकर राज्यसभा तक गूंजा था, जिससे जिले की छवि खराब हुई थी। खेलकूद संस्थान के मौजूदा हालात भी उसी दिशा में इशारा कर रहे हैं। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यहां भी आक्रोश की चिंगारी भड़क सकती है।

### निरीक्षण करुंगा

मेस प्रबंधन की लापरवाही को लेकर उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है। संस्थान की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जल्द ही सुधार के निर्देश दिए जाएंगे ताकि छात्रों को कोई असुविधा न हो।

**आलोक शर्मा,** प्राचार्य आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर

## पीजी कॉलेज में छिड़ा शिकायती विवाद, एनएसयूआई के बाद अब स्टाफ ने खोला मोर्चा, कोतवाली थाने पहुंचा मामला

### दो दिन पहले वायरल हुआ था बहस का वीडियो, स्टाफ ने कार्रवाई के लिए दिया आवेदन

**सीहोर।** जिला मुख्यालय स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज इन दिनों शिक्षा नहीं, बल्कि राजनीतिक अखाड़े के रूप में चर्चा में है। प्राचार्य और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच शुरू हुआ विवाद अब कोतवाली थाने जा पहुंचा है। दो दिन पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुए बहस के वीडियो के बाद गुरुवार शाम को कॉलेज का समस्त स्टाफ एकजुट होकर थाने पहुंचा और प्राचार्य के साथ हुई अभद्रता के विरोध में शिकायत दर्ज कराई। इधर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ता भी कोतवाली थाने पहुंचे।



पुलिस को दिए लिखित आवेदन में कॉलेज स्टाफ ने आरोप लगाया कि कुछ बाहरी लोगों ने कॉलेज परिसर में प्रवेश कर न केवल प्राचार्य के साथ अभद्र व्यवहार किया, बल्कि शासकीय कार्य में भी बाधा डाली। स्टाफ का कहना है कि इन व्यक्तियों द्वारा कॉलेज में भय और आतंक का वातावरण बनाया जा रहा है, जिससे पढ़ाई का माहौल प्रभावित हो रहा है। उन्होंने पुलिस से नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**एनएसयूआई की शिकायत, लगाया भेदभाव का आरोप :** बता दें कि इस मामले की शुरुआत 6 जनवरी को हुई थी, जब एनएसयूआई कार्यकर्ता 'एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करने कॉलेज पहुंचे थे। एनएसयूआई नेता हरिओम सिसोदिया, देवेन्द्र सिहं ठाकुर, यश यादव और तनिष त्यागी व साथियों ने एसपी के नाम दिए ज्ञापन में आरोप लगाया कि प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व शर्मा ने उन्हें पौधारोपण से रोका और अनुसूचित जाति के छात्रों को जातिसूचक गालियां दीं। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और कॉलेज में राजनीतिक आधार पर भेदभाव किया जा रहा है।

**सीसीटीवी फुटेज खोल सकते हैं राज :** शिकायती आवेदन में एनएसयूआई ने प्राचार्य पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है, वहीं कॉलेज स्टाफ ने इसे संस्था की छवि खराब करने की कोशिश बताया है। एनएसयूआई ने मांग की है कि सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाए ताकि अनधिकृत लोगों की आवाजाही का सच सामने आ सके।

## दूषित पानी से मौतों पर कांग्रेस का आक्रोश, घंटा बजाकर किया विरोध

**भैरुंदा।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से 16 लोगों की मौत के मामले ने सियासत गरमा दी है। इस घटना के विरोध में गुरुवार को भैरूंदा नगर के दुर्गा चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने घंटा बजाकर सांकेतिक विरोध जताया और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की फोटो जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान जमकर नारेबाजी हुई और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठी।

कांग्रेस नेताओं ने इस त्रासदी के लिए नगरीय प्रशासन, नगर निगम और स्थानीय प्रशासन को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया।



प्रदर्शनकारियों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर तथा प्रभारी मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी शासन की ओर से संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई।

प्रदेश यूथ कांग्रेस महासचिव संजय पटेल ने कहा कि दूषित पानी से हुई मौतें शासन-प्रशासन की घोर लापरवाही का परिणाम हैं। उन्होंने मांग की कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और पीड़ित परिवारों को न्याय मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक के खिलाफ मंत्री विजयवर्गीय द्वारा दिए गए अपशब्द और मुख्यमंत्री का रवैया भी दुर्भाग्यपूर्ण है। इसी के विरोध में कांग्रेस ने घंटा बजाकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और दूषित पानी से बीमार हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। नेताओं ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की मूल जिम्मेदारी है, लेकिन इंदौर जैसी बड़ी नगरी में इस तरह की घटना बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है। इस अवसर पर ब्लॉक स्तर के कांग्रेस पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जल्द दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया।

## आवारा कुत्तों से परेशान लोगों ने नपा अधिकारी से की शिकायत

**सीहोर।** कस्बा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 31, 32 एवं 33 के नागरिकों ने नगर पालिका अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की है कि कस्बा क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या अधिक बड़ जाने से आम जन काफी भयमित हो गया है। आवारा कुत्तों द्वारा बच्चों को स्कूल जातें समय हर कभी काट लिया जाता है एवं आये दिन कुत्तों के द्वारा किसी न किसी आम जन को काटा जाता है। जिससे की जान लेवा संक्रमण रेवीज़ के फेलने की संभावना बड़ रहीं है। वार्ड कमांक 31, 32, एवं 33 में कुत्तों की संख्या अधिक बड़ जाने से वार्ड वासियों को काफी कठिनाई हो रही है एवं रास्ते से निकलने में भी परेशानी आती है। आवारा कुत्तों के संबंध में संबंधित वार्ड पार्षदों से भी शिकायत करने पर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। कुत्तों की संख्या अधिक होने से एवं कुत्तों द्वारा प्रतिदिन किसी न किसी को काटें जाने की घटना से आम जन अपने घर से निकलने में भयमित हो चुका है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि उचित कार्यवाही कर आवारा कुत्तों को पकड़वाकर अन्यंत्र स्थान पर छोड़ा जावे ताकि आम-जन भय मुक्त होकर शांति पूर्वक अपना जीवन यापन कर सकें।

## चर्च मैदान पर खेली जाएगी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**सीहोर।** मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से शहर के चर्च मैदान पर आगामी दिनों में होने वाली खेलो एमपी फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए गुरुवार को जिले के सभी ब्लाकों के अलावा शहर सहित आस-पास के करीब 50 से अधिक बालक-बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने चयन प्रक्रिया ट्रायल में हिस्सा लिया। ट्रायल को लेकर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने एक चयन समिति का गठन किया है। जिसमें सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय, सुयश कन्नोजिया, अताउल्ला खान और दीपक अहिरवार आदि को शामिल किया गया है।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि आगामी दिनों में होने वाली खेलो एमपी फुटबाल प्रतियोगिता के लिए गुरुवार को



आष्टा, इछावर, नसरुल्लागंज, सीहोर सहित आस-पास के इच्छुक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके बाद टीम का गठन कर अंडर-19 प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं मैदान पर अभ्यास सत्र के अलावा मैच का आयोजन भी किया जा रहा है।

गुरुवार की शाम को समिति के द्वारा गठित चयनकर्ताओं ने यहां पर आने वाले खिलाड़ियों के आधार कार्ड सहित प्रशिक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में पंजीकृत खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा एसोसिएशन के पंजीकृत क्लब और खिलाड़ी ही आगामी दिनों में जिले भर में होने वाली प्रतियोगिता के लिए पात्र माने जाऐंगे। गुरुवार की शाम को जूनियर टीम के मध्य एक रोमांचक मैच खेला गया था। इसमें सीहोर रेड ने सीहोर ग्रीन को 1-0 से हराया। इस मुकाबले में सीहोर रेड की ओर से एक मात्र गोल राजनाथ ने किया।

### इस सीजन तीन बार 4 डिग्री से नीचे रहा तापमान

# ठंड से मामूली राहत, न्यूनतम तापमान 9 डिग्री अब आने वाले कुछ दिन में और बढ़ेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में कड़ाके की ठंड से लोगों को आज थोड़ी राहत मिली है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो बीते दिन के 3.9 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 5 डिग्री ज्यादा है। मौसम में यह बदलाव आसमान में बादलों की मात्रा बढ़ने के कारण हुआ है। पिछले पांच दिनों से जिला घने कोहरे की चपेट में था, लेकिन आज कोहरा नहीं छाया। इससे सुबह के समय लोगों को कुछ राहत मिली, हालांकि सर्द हवा अभी भी चल रही हैं।



### इस सीजन तीन बार 4 डिग्री से नीचे रहा तापमान

17 दिसंबर को 3.9 डिग्री और 28 दिसंबर को 3.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया था। इसके बाद 7 जनवरी को भी 3.9 डिग्री तापमान रहा था।

### सर्द हवा से ठिठुरन बरकरार

तापमान बढ़ने के बावजूद ठंडी हवाओं के कारण ठिठुरन बनी हुई है। सुबह के समय सड़कों पर आवाजाही कम रही और लोग ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार हवाओं की दिशा में बदलाव और हल्के बादल छाए रहने से फिलहाल ठंड में कमी आई है। लेकिन जैसे ही आसमान साफ होगा, एक बार फिर ठंड बढ़ने की संभावना है। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## विदेशों तक निर्यात कराएंगे सीहोर की मिट्टी से बने गुणवत्तापूर्ण आयटम : अरुणा राय



**सीहोर।** गुरूवार को कुम्हार मोहल्ला गंज पहुंचकर अरुणा सुदेश राय ने चॉक मशीन पर मिट्टी से दीपक बनाकर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया। उनके साथ भाजपा जिलामंत्री प्रीति सोनी समाजसेवी संतोष विजयवर्गीय भी महिलाओं के मध्य उपास्थित रही। प्रजापति महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत माटी कला बोर्ड हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प विभाग के द्वारा टेराकोटा शिल्प प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण ले रहीं महिलाओं के बीच अरूणा सुदेश राय के द्वारा तिल्ली के लड्डु बांटकर मकर संक्रांति पर्व भी मनाया गया। महिलाओं लगन मेहनत की प्रशंसा करते हुए अरूणा सुदेश राय ने कहा कि सीहोरी मिट्टी से बने गुणवत्तापूर्ण सजावटी,घरेलू उपयोगी खेल खिलोनों सहित अन्य सभी आयटम के लिए शहर में बाजार उपलब्ध कराऐंगे और विभाग के सहयोग से विदेशों तक भी निर्यात कराने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान जिला भाजपा मंत्री प्रीति सोनी ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और जिले में विधायक सुदेश राय देश का आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी को महत्व दे रहे है और विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करने का आहवान कर रहे है। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए यह प्रशिक्षण उपयोगी सिद्ध होगा।

## खबर संक्षेप

### गेहूं फसल में कीटव्याधी की समस्या से बचाव के लिए किसानों को सलाह

**सीहोर।** वर्तमान में बदलते मौसम को दृष्टिगत रखते हुए किसानों को कृषि विभाग की सलाह है कि गेहूं की फसल में जड़ माहू कीटव्याधी की समस्या देखनों को मिल रही है। इसको दृष्टिगत रखते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामों का भ्रमण कर गेहूं की फसलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को गेहूं की फसल में जड़ माहू कीट की समस्या दिखाई दे रही है। कृषि विभाग ने बताया कि कीटव्याधी की समस्या सामने आई है कीटव्याधी से गेहूं की फसल में पीलापन जिसके कारण पत्तियां ऊपर से नीचे की ओर सूखने लगती है एवं पौधा सूख जाता है। अपनी प्रारंभिक अवस्था में यह कीट छोटे-छोटे पेच में दिखाई देता है, जो कुछ ही दिनों में पूरे खेत में फैल जाता है। जड़ माहू कीट हल्के पीले एवं काले रंग का होता है, जिसका जीवन चक्र 7 से 10 दिन का होता है। इस कीट से बचाव के लिए किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि वह अपने खेत की सतत निगरानी करते रहे एवं कीट की समस्या पाये जाने पर एसिटामिप्रिड 20 प्रतिशत SP, 60 ग्राम प्रति एकड़ या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत SL की 50 एमएल मात्रा प्रति एकड़ या थायोमेथाक्साम 25 प्रतिशत WG की 50 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ के साथ एनपीके 19.19.19 एक किलोग्राम प्रति एकड़ का 150-200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव कराएं।

### नगर में निकाला गया हनुमान जी का झंडा



**सीहोर।** हनुमान जी का झंडा प्रभात फेरी का वार्षिक कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसका इतिहास यह है कि आज से 40 वर्ष पूर्व मेरे पिता स्वर्गीय हरि नारायण सोनी (हरु दादा )द्वारा जो कस्बा बजरिया में निवास करते थे झंडे का प्रारंभ किया गया था। उनके द्वारा उसे समय कस्बे के लोगों के साथ मारुति नव योग संगठन की स्थापना की गई थी जो संस्था के संस्थापक है तब से लेकर अभी तक बिगड़ 40 वर्षों से प्रति मंगलवार को कस्बे के श्री राम मंदिर से प्रभात तेरी प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर जाती है एवं साल का जो भी प्रथम मंगलवार पड़ता है उसे मंगलवार पर पूरे नगर में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाता है जिसमें ग्रामीण मंडलीय एवं धर्म प्रेमी जनता साधु संत बड़े हर्ष और उल्लास से हनुमान जी के झंडे का स्वागत करती है य प्रारंभ करने का प्रमुख उद्देश्य हिंदुओं में जागृति ज्यादा एवं धर्म के प्रति आस्था एवं संगठित होना है।

### नाले की अनदेखी, आसपास के लोग भी परेशान, सरपंच का दावा: हाल ही में कराई गई साफ-सफाई

# आंगनबाड़ी के सामने गंदगी का अंबार, बच्चों और गर्भवती महिलाओं की सेहत पर मंडरा रहा खतरा

### सरपंच-सचिव के दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर, स्वच्छता व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा





स्वच्छ भारत अभियान और मातृ–शिशु स्वास्थ्य योजनाओं के दावों के बीच ग्राम पंचायत लाड़कुई से एक चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। यहां स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक–4 के ठीक सामने लंबे समय से कचरा–कूड़े का ढेर लगा हुआ है। सड़ते कचरे, बदबू और गंदे नाले के कारण छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि परिजन अपने बच्चों को आंगनबाड़ी भेजने से कतराने लगे हैं, वहीं गर्भवती महिलाएं भी केंद्र तक आने से डर रही हैं।

#### सहायिका बोली नियमित रूप से नहीं होती सफाई

आंगनबाड़ी सहायिका ने बताया कि केंद्र 4 के सामने बना कचरा घर महीनों से नियमित रूप से साफ नहीं किया गया। कचरा जमा रहने से मच्छर, मक्खियां और अन्य कीट पनप रहे हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कचरे के ठीक सामने बहने वाला नाला भी लंबे समय से साफ नहीं हुआ है। नाले में पड़े कचरे और गंदे पानी से उठती दुर्गंध सीधे आंगनबाड़ी परिसर तक पहुंच रही है, जिससे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को वहां रुकना मुश्किल हो रहा है।

#### नाले की अनदेखी, आसपास के लोग भी परेशान

आंगनवाड़ी के सामने बहने वाला नाला भी ग्रामीणों की परेशानी का बड़ा कारण बन गया है। नाले में कचरा भरा होने से पानी रुक जाता है और बदबू फैलती है। आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नाले की सफाई नहीं कराई गई। बरसात या पानी जमा होने की स्थिति में यह नाला और भी खतरनाक हो सकता है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बढ़ जाएगा।

#### पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं पर असर

आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक–4 में कुल 117 बच्चे पंजीकृत हैं। यही केंद्र बच्चों को पोषण आहार, टीकाकरण, प्रारंभिक शिक्षा और गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य जांच जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान करता है। लेकिन गंदगी के कारण इन सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि गंदे माहौल में बच्चों को भेजना जोखिम भरा है। वहीं गर्भवती महिलाएं संक्रमण के डर से केंद्र पर आने से बच रही हैं, जिससे उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और पोषण वितरण बाधित हो रहा है।

**आंगनबाड़ी सहायिका का आरोप—कई बार दी सूचना, नहीं हुई कार्रवाई :** इस मामले में आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई को लेकर सरपंच और सचिव को मौखिक रूप से कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सहायिका के अनुसार, "कई महीनों से यहां नियमित सफाई नहीं की गई है। गंदगी और बदबू के कारण बच्चे और गर्भवती महिलाएं केंद्र पर आने में कतराती हैं। कई परिजन तो बच्चों को भेजना ही बंद कर चुके हैं।"

#### सरपंच का दावा:हाल ही में कराई गई सफाई

जब इस संबंध में सरपंच से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले ही सफाई कराई गई है और जल्द ही फिर से सफाई कराई जाएगी।

हालांकि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका और ने इस दावे को नकारते हुए कहा कि महीनों से कोई सफाई नहीं हुई। तो वहीं स्थानीय लोगों का कहना है सरपंच और सचिव की लापरवाही के कारण बच्चों और गर्भवती महिलाओं की सेहत खतरे में डाली जा रही है।

## अवैध रूप से शराब परिवहन में कार जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**रेहटी।** रेहटी पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करते हुए एक कार को जप्त किया साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत एवं एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब के परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।



दिनांक 7 जनवरी को प्रधान आरक्षक महेन्द्र सहित आरक्षक अभिषेक यादव, आरक्षक संतोष कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर थाना रेहटी से रवाना होकर कलवाना नहर के पास पहुंचे। सामने से आ रही एक कार को रोककर चेक किया गया। मुखबिर द्वारा कार क्रमांक MP04YC 2164 की पुष्टि की गई।कार चालक ने अपना नाम सौरभ यादववंशी पिता अशोक यादववंशी उम्र 22 वर्ष निवासी डिमावर, थाना भैरूंदा, जिला सीहोर बताया तथा साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम भोलाराम यादववंशी पिता राधाकृष्ण यादववंशी उम्र 26 वर्ष निवासी डिमावर, थाना भैरूंदा, जिला सीहोर बताया।

कार की तलाशी लेने पर पीछे की डिक्की में कुल 09 पेटी शराब पाई गई,जिसमे 6 पेटी देशी मदिरा लाल मसाला 300 क्वार्टर (54 लीटर)एवम03 पेटी ऑफिसर चॉइस अंग्रेजी शराब - 144 क्वार्टर (25 लीटर)कुल शराब 79 लीटर 900 एमएल मिली जिसकी अनुमानित कीमत देशी मदिरा33,000 एवम अंग्रेजी शराब 24,480 कुल कीमत 57,480/- है। आरोपियों से शराब के परिवहन, रखने एवं विक्रय संबंधी वैध लाइसेंस के संबंध में पूछताछ की गई, जो प्रस्तुत नहीं कर सके। उक्त शराब तथा घटना में प्रयुक्त टाटा पंच कार क्रमांक MP04YC 2164 (अनुमानित कीमत ₹6,50,000/-) को पंचों के समक्ष विधिवत जप्त किया गया। कुल जप्त संपत्ति की कीमत ₹7,07,480/- है। इसके बाद आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया।तत्पश्चात दोनों आरोपियों को पंचों के समक्ष विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### सीयूईटी परीक्षा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 14 तक

**सीहोर।** शैक्षणिक सत्र 2026–27 में स्नातकोत्तर (पीजी) कक्षाओं में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य कर दिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार, सीयूईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ही विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश मिलेगा।

स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए सीयूईटी परीक्षा में आवेदन करने की अंतिम तारीख 14 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। वर्तमान में विद्यार्थियों के पास आवेदन करने के लिए केवल एक सप्ताह का समय शेष है। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी। इस संबंध में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के पत्र के आधार पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं।

## 243 छात्र-छात्राओं ने खिवनी अभ्यारण्य का भ्रमण के दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए धरती दूत बनने का लिया संकल्प

### अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को समझाया वन और वन्य प्राणियों का महत्व

**इछावर।** स्कूली बच्चों को प्रकृति, पर्यावरण और वन्यजीवों से सीधे तौर पर जोड़कर उन्हें वन और वन्य जीवों का महत्व समझाने के साथ ही विद्यार्थियों को भविष्य के 'धरती के दूत' के रूप में तैयार करने के उद्देश्य से वन मंडल देवास के खिवनी अभयारण्य की वन परिक्षेत्र हरसपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दो स्कूलों के करीब 243 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने जंगल का भ्रमण कर वन और वन्य प्राणियों के बारे में जानकारी हासिल की साथ ही उनके महत्व को समझा।



इस बार अनुभूति कार्यक्रम का का स्लोगन 'हम धरती के दूत₹, था । जो ₹में भी बाघ₹ ओर ₹हम है बदलाव₹ के साथ 'प्रो प्लैनेट पीपल' और 'मिशन लाइफ' के अगले चरण की भावना को दर्शाता है। संपोषणीय विकास और संवहनीय जीवनशैली का द्योतक है।

अनुभूति कार्यक्रम मध्य प्रदेश वन विभाग के फ्लैगशिप प्रोग्राम 'अनुभूति' के अंतर्गत आयोजित किया गया । एमपी इको-टूरिज्म , म.प्र. लघु वनोपज संघ तथा म.प्र. जैव विविधता बोर्ड का एक संयुक्त जागरूकता अभियान है। उक्त दो दिवसीय शिविर मंगलवार से आरंभ हुआ। जिसमें पीएम श्री नवोदय विद्यालय चंद्रकेश्वर डैम देवास, शासकीय माध्यमिक विद्यालय भंवरा के 243 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्राकृतिक साधनों का उपयोग करते हुए छात्र छात्राओं को प्रकृति की अनुभूति कराई गई। छात्र छात्राओं को प्रसिद्ध 'सप्तऋषि वृक्ष', महुआ और बहेड़ा जैसे वृक्षों के नीचे 'जंगल की पाठशाला' में बैठाकर पर्यावरण एवं वन्यजीवों के बारे में रोचक एवं मजेदार जानकारियाँ प्रदान की गईं।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए उन्हें बालगंगा मंदिर परिसर तथा गोलकोठी शिकारगाह के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं पुरातात्विक पहलुओं से भी अवगत कराया गया। बच्चों को घरेलू जानवरों से जंगली जानवरों को होने वाली बीमारियों और उसके कारण उपजने वाले कैनाइन डिस्टेंपर और रेबीज़ जैसी जानलेवा बीमारियों से अवगत कराया । कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को वन विभाग की 'अनुभूति कीट' प्रदान की गई, जिसमें लघु वनोपज द्वारा तैयार आंवला कैंडी, शहद और हर्बल जूस शामिल थे।

**पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों को बनाया धरती दूत :** कार्यक्रम का मूल उद्देश्य बच्चों को 'धरती के दूत' के रूप में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे न केवल स्वयं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहें, बल्कि अपने परिवार और समुदाय को भी इस महत्वपूर्ण मिशन से जोड़ सकें। 'में भी बाघ' और 'हम है बदलाव' जैसे नारों ने बच्चों में एक सकारात्मक पहल की भावना का संचार किया।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

## अखंड निराहार दादागुरु के चरणों में आस्था का सैलाब



**भैरुंदा।** अखण्ड निराहार मां नर्मदा सेवा परिक्रमा के चतुर्थ चरण में आस्था, साधना और सेवा का अनुपम संगम गुरुवार को उस समय देखने को मिला, जब सिद्ध महायोगी दादा गुरु महाराज समर्थ भैया जी सरकार 1300 से अधिक परिक्रमावासियों के साथ सीहोर जिले के छीपानेर पहुंचे। दादाजी आश्रम के नर्मदा तट पर उनके आगमन पर पुष्पवर्षा, वंदन और जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। मातृशक्तियों व हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति से संपूर्ण क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा।

कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर ओंकारेश्वर से 5 नवंबर को प्रारंभ हुई यह परिक्रमा यात्रा 8 जनवरी को छीपानेर पहुंची। चौथे चरण की इस पदयात्रा में दादा गुरु के साथ 1300 परिक्रमावासी अनुशासनबद्ध रूप से निरंतर चल रहे हैं। नगर व आसपास के गांवों में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलवर्षा कर स्वागत किया, वहीं ढोल-नगाड़ों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। दादा गुरु महाराज समर्थ भैया जी सरकार पिछले 1800 दिनों से अधिक समय से अखण्ड निराहार व्रत का पालन कर रहे हैं। बताया जाता है कि वे दिन में केवल एक बार मां नर्मदा का जल ग्रहण करते हैं और शेष समय प्रकृति—हवा व जल—के सहारे साधना में लीन रहते हैं। चौथी बार मां नर्मदा की परिक्रमा कर रहे दादा गुरु की यह अद्भुत साधना आस्था के साथ-साथ विज्ञान के लिए भी जिज्ञासा का विषय बनी हुई है। विभिन्न संस्थाओं की निगरानी में हुए अध्ययनों में भोजन ग्रहण न करने की पुष्टि बताई जाती है, जिससे उनके जीवन को साधना, संयम और प्रकृति-सहजीवन का प्रतीक माना जा रहा है।

#### सेवा-संयम-पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

मां नर्मदा सेवा परिक्रमा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी है। परिक्रमावासियों की अनुशासित पदयात्रा और सामूहिक साधना ने क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का संचार किया।

#### नीलकंठ के लिए प्रस्थान

शुक्रवार सुबह मां नर्मदा की आरती के पश्चात दादा गुरु 1300 परिक्रमावासियों के साथ प्रसिद्ध नीलकंठ मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। शुक्रवार रात्रि का विश्राम वहीं रहेगा, जहां नर्मदा तट पर आरती, सत्संग और भंडारे का आयोजन होगा।

#### नर्मदा तट पर भव्य आरती, विशाल भंडारा

गुरुवार रात्रि छीपानेर में विश्राम के दौरान दादाजी आश्रम स्थित मां नर्मदा तट पर भव्य नर्मदा आरती का आयोजन हुआ। इसके पश्चात विशाल भंडारे में परिक्रमावासियों सहित स्थानीय श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दादा गुरु के सान्निध्य में भक्तों को सेवा, संयम और समर्पण का संदेश मिला।

### 10 कंपनियों ने दिए रोजगार के मौके, 200 युवाओं ने ऑनलाइन पंजीयन कराया था

# रोजगार मेलाः 142 युवक-युवतियों का प्राथमिक चयन रोजगार और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाए नए कदम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

सीहोर जिले के भैरूंदा विकासखंड में गुरुवार को बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए विकासखंड स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया गया।

मेले में निजी क्षेत्र की 10 प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता की, जिसमें 200 से अधिक युवाओं ने पंजीयन कराया और 142 युवक-युवतियों का प्राथमिक चयन किया गया।

यह आयोजन युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया। यह रोजगार मेला मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सीहोर के मार्गदर्शन में कौशल विकास इकोसिस्टम कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM), जनपद पंचायत भैरुंदा, आईटीसी मिशन सुनहरा कल प्रशिक्षण केंद्र, सीहोर, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन और प्रदान संस्था द्वारा किया गया।

#### दीप प्रज्वलन से हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुधीर कुशवाह, एसडीएम भैरुंदा, संजय अग्रवाल, जनपद पंचायत सीईओ, दिनेश बरफा, एनआरएलएम जिला प्रबंधक तथा ओमप्रकाश कुशवाह, जिला प्रबंधक कौशल विकास की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत पौधारोपण कर किया गया।

#### युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

अतिथियों ने अपने संबोधन में रोजगार मेले को युवाओं के लिए सुनहरा अवसर बताया। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए कौशल, अनुशासन और समर्पण आवश्यक है। अतिथियों ने मेले में लगी कंपनियों के स्टॉलों का निरीक्षण कर चयन प्रक्रिया की जानकारी भी ली।

#### 10 कंपनियों ने दिए रोजगार के मौके

आयोजकों के अनुसार रोजगार मेले के लिए लगभग 200 युवाओं ने ऑनलाइन पंजीयन कराया था, जबकि मेला स्थल पर 218 युवक-युवतियों ने पंजीयन किया। निजी क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराने के लिए मेले में 10 प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल हुईं, जिनमें आइसेक्ट प्रा.लि., वर्धमान फैब्रिक्स प्रा.लि. (बुधनी), ट्राइडेंट ग्रुप (बुधनी), क्वेस कॉर्प प्रा.लि., एलआईसी, प्रतिभा सिंटेक्स प्रा.लि., प्रगतिराज इंटरप्राइजेज प्रा.लि., हेल्थएयर कुलिंग सर्विस प्रा.लि., पुष्कल एग्रो प्रा.लि. और अलाइंस रिसोर्स मैनेजमेंट सर्विस प्रमुख रहीं।

#### 142 युवाओं का प्राथमिक चयन

कंपनियों द्वारा साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के बाद कुल 142 युवक-युवतियों का प्राथमिक चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को आगे की प्रक्रिया के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। समापन अवसर पर राजेश परमार, क्लस्टर लीडर, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने सभी अतिथियों, कंपनी प्रतिनिधियों और प्रतिभागी युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नरेन्द्र यादव, एनआरएलएम भैरुंदा ब्लॉक समन्वयक, आशीष, जिला समन्वयक, प्रदान संस्था सहित संबंधित संस्थाओं के सदस्य उपस्थित रहे।

### एसडीएम के सख्त निर्देशों के बावजूद नियमों की अनदेखी कर रही रेलवे की एजेंसियां

# रेलवे ठेकेदार ने फिर की ब्लास्टिंग घरों में नुकसान, नहीं हुई जनहानि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भोपाल-रामगंज प्रोजेक्ट के तहत जिले की सीमा सहित राजगढ़ नगर के पाटन रोड पर रेलवे लाइन का कार्य दुरत गति से जारी है। लेकिन केंद्र सरकार की इस महती परियोजना को जल्द से जल्द निपटाने के चक्कर में रेलवे द्वारा निर्धारित एजेंसियों एवं ठेकेदारों द्वारा सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर रहवासी क्षेत्रों, कॉलोनियों के समीप बगैर निर्धारित मापदंडों को पूरा किए कभी भी ब्लास्टिंग की जा रही है।

करीब तीन माह पहले एसडीएम निधि भारद्वाज द्वारा दिए गए तल्ख निर्देशों के बावजूद कल हार्डरॉक(कठोर पत्थरों) को तोड़ने रेलवे के ठेकेदार द्वारा एक बार फिर से ब्लास्टिंग की गई। ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कईं किलो वजनी पत्थर आसपास के घरों तक गिरे जिनसे कुछ घरों में नुकसान हुआ है। गनीमत से सिर्फ मकानों को नुकसान पहुंचा है।

बगैर सूचना अचानक की गई इस ब्लास्टिंग की तेज आवाज के साथ घरों, सड़कों पर बड़े-बड़े पत्थर, बोल्डर गिरने से कॉलोनीवासी सकते में आ गए। इस दौरान आसपास टहल रहे लोगों और सड़क क्रॉस





रहे कॉलोनीवासियों, ग्रामीणों सहित अन्य लोगों ने जैसे-तैसे अपने आप को बचाया।

#### इनके घरों में हुआ नुकसान

ब्लास्टिंग के चलते हेडगेवार कॉलोनी निवासी सुनील दुबे के मकान की गैलरी टूट गई वहीं शिव मेवाड़े के मकान को भी नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही आसपास के कुछ घरों की दीवारों पर बड़े-बड़े पत्थर, बोल्डरों से दरारें पड़ गईं।

#### एसडीएम के सख्त निर्देशों की भी अवहेलना

उल्लेखनीय है कि अगस्त और सितंबर माह के दौरान भी रेलवे ठेकेदार द्वारा बगैर सूचना दिए इसी तरह अचानक ब्लास्टिंग की गई थी जिससे कईं घरों, वाहनों में खासा नुकसान हुआ था। मंदिर के आसपास खेल रहे कुछ बच्चे सहित श्रृद्धालु उस समय बाल-बाल बचे थे। घटना को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम निधि भारद्धाज तुरंत मौके पर पहुंची थी तब संबंधित ठेकेदार ब्लास्टिंग की अनुमति से संबंधित आधे-अधूरे कागजात ही प्रस्तुत कर पाया था। इस पर एसडीएम ने समस्त रिकार्ड को जब्त करवा लिया था। इसके बावजूद कल फिर से बगैर सूचना और सुरक्षा मापदंडों पर ध्यान दिए की गई ब्लास्टिंग से कॉलोनीवासियों में खासा रोष व्याप्त है।

#### साप्ताहिक हाट-बाजार का भी नहीं रखा ध्यान

आपको बतादें कि हर बुधवार को मुख्यालय पर साप्ताहिक हाट-बाजार रहता है जिसमें पाटन और आसपास के कईं ग्रामीणों खरीदारी करने आया करते हैं। ऐसे में इस दिन ब्लास्टिंग करने पर पूर्व से मनाही है। इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा नियमों की अवहेलना करते हुए ब्लास्टिंग करवाई गई।

#### इनका कहना है...

अगर निर्धारित मापदंड पूरा किए फिर से ब्लास्टिंग करवाई गई है तो मै अभी दिखवाती हूं।

- निधि भारद्धाज, एसडीएम, राजगढ़

### लोकायुक्त में हुई शिकायत पर जिला पंचायत सीईओ ने की कार्रवाई

**राजगढ़।** लोकायुक्त भोपाल से प्राप्त शिकायत के आधार पर जिला पंचायत राजगढ़ के अंतर्गत जनपद पंचायत खिलचीपुर की ग्राम पंचायत बारोल में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित वित्तीय अनियमितता के प्रकरण की जांच कराई गई। जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले द्वारा करवाई गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि ग्राम पंचायत बारोल के दो आवास हितग्राही मदन गाडरी एवं प्रकाश पिता बाबरू द्वारा आवास निर्माण हेतु स्वीकृत एवं प्राप्त राशि के उपरांत भी आवास निर्माण कार्य नहीं कराया गया। उक्त प्रकरण में मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत संबंधित सचिवगण रतनलोधा, कंवरलाल एवं मोड़सिंह तथा आवास हितग्राही मदन गाडरी एवं प्रकाश के विरुद्ध वसूली प्रकरण दर्ज किया गया। सभी संबंधित अनावेदकों एवं आवास हितग्राहियों को प्रकरण में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु समय-समय पर नोटिस जारी किए गए। प्रकरण में केवल अनावेदक रतनलोधा द्वारा उपस्थिति दर्ज कराई गई, जबकि शेष अनावेदक एवं आवास हितग्राही लगातार अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित व्यक्तियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा वसूली राशि का निर्धारण किए जाने के उद्देश्य से संबंधितों को जमानती वारंट जारी किए गए हैं। प्रकरण में नियमानुसार आगे की कार्रवाई प्रचलन में है।

### पुलिस की तीन अलग-अलग टीमों ने घेराबंदी की

## डकैती की योजना बनाते पारदी गैंग के 10 बदमाश धराए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गुना, अशोकनगर सहित आसपास के जिलों के बाद अब पारदी गैंग राजगढ़ जिले में भी सक्रिय हो चुकी है। राजगढ़ जिला पुलिस की टीम ने राजगढ़-खिलचीपुर के मध्य स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बना रहे पारदी गैंग के 10 हथियारबंद बदमाशों को चोरी की मोटर साइकिलों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राजगढ़ नगर के सर्राफा बाजार में हुई डकैती व सारंगपुर में हुई वारदात का आरोपी भी शामिल है। यह सभी आरोपी जालपा माता की पहाड़ी के समीप हथियारों से लैस होकर डकैती की योजना बना रहे थे कि कौन पंप के कर्मचारियों को हथियारों से कवर करेगा, कौन हाईवे पर निगरानी करेगा, कौन ऑफिस में घुसकर नकदी लूटेगा। आरोपी अपने मंसूबे में सफल हो पाते इसके पूर्व ही पुलिस को अपने मुखबिरों से मिली सूचना के उपरान्त तत्काल तीन टीमें गठित की गई। पुलिस टीमों द्वारा की गई चैतरफा घेराबंदी के दौरान आरोपियों ने भागने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हो पाए।

**ये आरोपी किए गए गिरफ्तार-** पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों में बना साहब पिता घुरीलाल पारदगी निवासी छोटी कनारी, महावीर पिता बाबू पारगी निवासी बीलाखेड़ी, घासी पिता साधु पारदगी निवासी छोटी कनारी, सिकंदर पिता बालचंद पारदी निवासी खेजड़ा, रामपाल पिता जगदीश पारदी निवासी बीलाखेड़ी, रामबाबू पिता जगन्नाथ पारदगी निवासी बीलाखेड़ी, सुरेश पिता बनेसिंह पारगी,, जाबाद पिता जावर पारदी, सहवाग पिता गोवर्धन पारदी एवं समीर पिता मुकद्दर पारदी निवासी मुरादपुर शामिल हैं।

### घर-घर संपर्क कर दिया जा रहा आमंत्रण

## ब्यावरा में हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। सकल हिंदू समाज एवं आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिदिन नगर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। गणमान्य नागरिकों से संपर्क कर उन्हें सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया जा रहा है। नगर में जगह-जगह ध्वज, बंदरवार, बैनर एवं पोस्टर लगाकर वातावरण को धार्मिक और उत्सवमय बनाया जा रहा है। साथ ही लोगों को सम्मेलन में सहभागिता के लिए अक्षत (पीले चावल) का वितरण किया जा रहा है तथा आमंत्रण पत्र भी घर-घर पहुंचाए जा रहे हैं।

आयोजन समिति के अनुसार 11 जनवरी को ब्यावरा नगर के आठ स्थानों पर एक साथ एवं एक ही समय हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में बुधवार को महाराणा प्रताप बस्ती में विशेष संपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पीले चावल वितरित किए और लोगों को 11 जनवरी प्रातः 11 बजे मानस स्कूल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया।

जनसंपर्क अभियान के तहत शिवाजी नगर, तुलसी नगर, सुदामा नगर, कोली मोहल्ला, पंचशील कॉलोनी, राजगढ़ रोड सहित अन्य क्षेत्रों में भी संपर्क किया गया। इन क्षेत्रों में ध्वज, बंदरवार, बैनर और पोस्टर लगाकर आयोजन का संदेश प्रसारित किया गया। आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। समिति का अनुमान है कि सम्मेलन में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए सहभोज (सामूहिक भोजन) का आयोजन भी किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन को साधु-संत एवं समाज के प्रमुख वक्ता संबोधित करेंगे, जो समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश देंगे। आयोजन समिति ने नगरवासियों सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

### ग्राम सैदाबाद में पुलिस बल एवं ग्रामीणों ने किया माल्यार्पण

## अमर शहीद अंबाराम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ग्राम सैदाबाद में अमर शहीद स्वर्गीय श्री अंबाराम जी मालवीय की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद अंबाराम मालवीय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में सारंगपुर थाना पुलिस बल विशेष रूप से उपस्थित रहा। पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने शहीद के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में उनके द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस मौके पर एसआई परस्ते, आनंदीलाल भिलाला शासकीय एकाकृति स्कूल सैदाबाद के शिक्षक जितेंद्र सिंह, तेज सिंह सहित ग्राम सैदाबाद के समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बद्रीलाल मालवीय (पूर्व सरपंच), शिवनारायण मालवीय, निर्मल मेवाड़ा, दिलीप मेवाड़ा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि शहीद अंबाराम मालवीय की शहादत आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम का समापन दो मिनट का मौन रखकर शहीद की आत्मा की शांति की प्रार्थना के साथ किया गया।

18 जनवरी को इंदौर में होना है इंडिया न्यूजीलैंड मैच

## टिकट बुकिंग के नाम पर राजगढ़ के युवक से की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारत और न्यूजीलैंड के बीच आगामी 18 जनवरी को इंदौर में खेले जाने वाले अंतिम मैच की टिकट बुकिंग के नाम पर राजगढ़ के युवक से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। युवक ने स्वयं एवं अपने भाई के नाम से दो टिकिट बुक करवाए थे। टिकट भी ई-मेल से संबंधित युवक को भेज दिए गए लेकिन बाद में मालूम हुआ कि वो ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ है।

#### ऐसी की गई यह ठगी

नगर के बिरजीपुरा निवासी अभय ने इंडिया न्यूजीलैंड के बीच 18 जनवरी को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में आयोजित होने वाले मैच के लिए एक ऑनलाईन साईट पर संपर्क किया। इसके उपरान्त उस साईट से जुड़े ठगों ने दो टिकटों की बुकिंग के लिए 7 हजार 900 रुपए जमा करवाने बोला गया। पहले सिर्फ 15 फीसदी राशि ही जमा करवाने की बात कहते हुए टिकट भेजने की बात कही गई। इसके साथ ही कुछ ऑफर भी दिए गए।


MATCH: INDIA VS NEW ZEALAND

VENUE: Holkar Stadium, Indore

Date & Time: Wednesday . 18th Jan 2026| 1:30 pm

Category seats(2) WEST STAND FIRST FLOOR PREMIUM (2) 112,113.

Regards,
District By Zomato.

Ticket / Order Confirmation

अभय द्वारा 15 फीसदी राशि जमा करवाने के बाद उनके ई-मेल पर दो टिकट भी आ गए। बाद में अलग-अलग समय पर 1 हजार, 2 हजार इस तरह कुल 7 हजार 900 रुपए की राशि संजना मलिक नाम की महिला के खाते में डलवाई गई। बाद में जिन मोबाइल नंबरों से फोन किए जा रहे थे, उन पर संपर्क किया गया तो वे सब बंद मिले। इसके साथ ही ई-मेल पर प्राप्त टिकटों के भी फर्जी होना सामने आया।

## डॉ. मंत्री टेटवाल ने भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से की सौजन्य भेंट

**सारंगपुर।** प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सारंगपुर विधानसभा के विधायक डॉ. गौतम टेटवाल ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर डॉ. टेटवाल ने श्री नबीन को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए वीरता, स्वाभिमान एवं नारी शक्ति की अमर प्रतीक रानी कमलापति जी की प्रतिमा भेंट की।



आत्मीय वातावरण में हुई इस मुलाकात के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनसेवाभिमुख बनाने से जुड़े विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। डॉ. टेटवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक ढांचा निरंतर जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने हेतु केंद्र व प्रदेश स्तर पर समन्वय बढ़ाने पर भी चर्चा की। इस मुलाकात को आगामी संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत, विधायक ने तकनीकी ज्ञान पर दिया जोर

## जनपद शिक्षा केंद्र की ब्लॉक स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी



**नरसिंहगढ।** जनपद शिक्षा केन्द्र द्वारा ब्लॉक स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन पुरानी कोतवाली परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान सहित अन्य विषयों से संबंधित आकर्षक एवं नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सभी विषयों का तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान भी अर्जित करना चाहिए, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला मंत्री सत्येन्द्र सिंह राठौड़, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, रमेश मालवीय, मुन्ना साहू, दिनेश नागर, मनोज जड़िया मौजूद रहे।

## लोगों को सेविंग की आदत डालने शुरू हुआ बचत पखवाड़ा

राजगढ़। बैंक के ग्राहकों सहित आमजनों में बचत के महत्व को समझाने जिला सहकारी बैंक की समस्त शाखाओं एवं समितियों में बचत पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को राजगढ़ शाखा में बचत पखवाड़े के शुभारंभ पर सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिलीप चैहान ने बैंक के ग्राहकों, आमजनों, जमाकर्ताओं को छोटी-छोटी एवं बड़ी बचत से किस तरह भविष्य सुरक्षित रखा जा सकता है, इस बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जिला सहकारी बैंक अपने जमाकर्ताओं को अन्य बैंकों की तुलना में अधिकतम 8 प्रतिशत की ब्याजदर प्रदान कर रहा है। बैंक में जमा राशि बीमित रहते हुए पूर्णतः सुरक्षित रहती है।

## घटिया निर्माण कार्य को लेकर वार्ड 10 के पार्षद ने जताया विरोध



**जीरापुर।** गुणवत्ता विहीन घटिया निर्माण अनियमितताओं को लेकर नगर परिषद वार्ड क्रमांक 10 पार्षद प्रतिनिधि मनोहर बरेठा ने खुला आरोप लगाते हुए बताया कि घटिया निर्माण की यह पोल खुल रही जिसमें पैर के टसेरे से नाली पर बने चेंबर की सीमेंट कांक्रीट उखड़ रही है। नगर परिषद द्वारा नगर के मुख्य मार्ग बस स्टैंड पर मार्ग से जो नाली क्रांस हुई है उसके ऊपर बने चैंबर को कई बार बनाने के बावजूद उखड़ जाता है जिसके कारण निकलने वाले वाहन और आम राहगीरों को आयें दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस और किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा। तीन दिन पूर्व नाली के ऊपर बनाए गए चेंबर जो की घटिया निर्माण कार्य के कारण उखड़ गया उसको लेकर नगर परिषद पर गंभीर आरोप लगाए। इसी के साथ साथ पीपल्दा रोड स्थित मुक्तिधाम रोड पर भारी अव्यवस्थाओं का अम्बार है। पुरा रोड़ उखड़ा होकर गिट्टी रोड़ पर बिखरी हुई है ऐसे में मुक्ति धाम तक शवयात्रा को लेकर पहुंचना मुसीबतों से भरा होता है । पार्षद प्रतिनिधि ने मुक्ति धाम रोड़ पर सीमेंट कांक्रीट निर्माण की मांग की। सीएमओ हरीओम शर्मा का कहना चेंबर का मामला मेरे संज्ञान में विडियो वायरल के माध्यम से आया है में जांच करवाता हूं। नगर परिषद उपयंत्री बृजेश उपाध्याय का कहना चेंबर पर जो ढ़कान है उसे हटा कर नाली को खुदवाकर नीचा करेंगे जिससे ढ़लान बन जाएगा।

### अवैध रूप से ईंधन का परिवहन करते 2 धराए



**खुजनेर।** खुजनेर पुलिस द्वारा पचोंर बायपास पर जारी वाहन चेकिंग के दौरान अवैध रूप से ईंधन का परिवहन करते 2 पकड़ाए जिसमे एक मिनी पिकअप में 6 नीले रंग के डीजल से भरे ड्रम मिले जिसे मौके पर पुलिस द्वारा चेक किया गया उसमें 6 ड्रम डीजल से भरे मिले जिसमें बैठे दोनों व्यक्तियों से जब पुलिस द्वारा वैध दस्वावेज दिखाने को कहा पिकअप सवार दीपक सोंधीया बावड़ीखेड़ा रितेश चैहान बावड़ीखेड़ा द्वारा कोई वैध दस्वावेज नहीं दिखाए गए पुलिस ने पिकअप को जप्त कर दोनो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

### नगर में रुके हुए विकास कार्य जन समस्याओं का अब होगा समाधान

## खिलचीपुर नगर परिषद को मिला स्थाई सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

खिलचीपुर में नगर परिषद सीएमओ के बार बार ट्रांसफर के बाद आज सोमवार को नपा सीएमओ देवनारायण दांगी ने पदभार संभालते हुए नगर रुके हुए विकास कार्य जानकारी लेते हुए एवं जन समस्या संबंधित फाइलों पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने पत्रकार से चर्चा के दौरान बताया कि नगर के लोगों की जन समस्या के लिए ही हम हैं हमारा काम लोगों की जन सेवा करना हैं खिलचीपुर नगर में लोगों की व्याप्त जन समस्याओं पर ध्यान में रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशासन अध्यक्ष पार्षद जनप्रतिनिधि के सहयोग से हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगें। जहां पर आपसी तालमेल के साथ हर समस्याओं का निराकरण करेंगे। वहीं नगर में हुए घटिया निर्माण कार्यों में हुए



भ्रष्टाचार के विकास कार्यों पर भी कार्यवाही कर नगर को स्वच्छ बनाने, ओर पीने योग्य शुद्ध पेयजल नगर वासियों को उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे । साथ ही इस कड़ाके की ठंड में नगर के जगह-जगह चैराहे पर अलाव जलनें की व्यवस्था की जायेगी जिससे लोगों को इस शीतलहर से थोड़ी राहत मिल सकेंगी। वही गाडगंगा नदी छोटे पुल के पटिये न लगना इसी तरह, गंदे नालों के पटिये भी अधूरे पड़े हैं, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अमृत और पीएम स्वनिधी , स्वच्छ भारत मिशन, वित्तीय लेनदेन, जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं प्रशासनिक अस्थिरता के कारण ठप पड़ी थी। नागरिकों ने शासन से मांग की है कि खिलचीपुर नगर परिषद में जल्द स्थायी और पूर्णकालिक सीएमओ की नियुक्ति की जाए, ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके।

#### 21 महीनों में बदले गए आठ सीएचओ

नगर परिषद में मार्च 2024 से दिसंबर 2025 तक, केवल 21 महीनों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) आठ बार बदले जा चुके हैं। लगातार बदलाव से कार्यप्रणाली पर सवालों के घेरे में थी। आज से पूर्व सारंगपुर नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनहरे को सारंगपुर के साथ-साथ खिलचीपुर नगर परिषद का प्रभार सौंपा था।जो 60 किलोमीटर दूर से खिलचीपुर नगर परिषद कार्यालय में कभी-कभार ही पहुंच रही थी, जिससे कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## जैन मुनिश्री ने धर्मसभा को किया संबोधित

**आष्टा।** नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जैन मुनि अपने कष्ट दूसरों को नहीं बताते, क्योंकि दर्द को जीतना योगी का गुण है, कष्टों का वर्णन करना नहीं।व्यक्ति का समय बदलते देर नहीं लगती,जिसके पास कभी भीड़ रहती थी वहां समय बदलते ही कौवे उड़ने लगते हैं।आत्म कल्याण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं निज पुरुषार्थ करना होता है। मुनिराज ने कहा कि त्याग-संयम के मार्ग पर चलकर गुरु की सेवा और भगवान की भक्ति करने से निश्चित कल्याण होता है। रत्नात्रय प्राप्ति के लिए सतत पुरुषार्थ आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक रूप को कृत्रिम साधनों से सजाने का आकर्षण क्षणिक होता है, वास्तविकता शीघ्र सामने आ जाती है। जब तक शरीर के प्रति राग बना रहता है, वैराग्य संभव नहीं। शरीर से राग छूटते ही वैराग्य निश्चित आता है। आचार्यों के वचनों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जब अपना शरीर ही साथ नहीं देता, तो दूसरा कौन साथ देगा।मुनिश्री ने स्पष्ट किया कि मुनि जीवन काटने के लिए नहीं,आत्मकल्याण के लिए बनते हैं। नियम-संयम ग्रहण करने के बाद यदि विपत्ति आए तो घबराना नहीं चाहिए, वह भी टल जाती है। घर बैठे मुनि की सेवा संभव नहीं, इसके लिए मुनि के सानिध्य में जाना आवश्यक है। दिगंबर मुनि दीक्षा आत्म कल्याण का सशक्त मार्ग है। उन्होंने कहा कि निज में आने का जो स्थायी आनंद है, वह पर में नहीं।

### पेयजल को दूषित होने से बचाने के लिए नपा ने की मुहिम की शुरू

# नाले के गंदे पानी की निकासी व्यवस्थित रूप से कराने चलाया सफाई अभियान

वार्ड 2 अलीपुर क्षेत्र में अतिक्रमण मुहिम चलाई गई, जिसके तहत नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा नाले के ऊपर अतिक्रमण कर नाले को चोक कर दिया गया था, जिसके कारण गंदे पानी की निकासी व्यवस्थित रूप से नही हो रही थी।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

गुरूवार को नगरपालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 2 अलीपुर क्षेत्र में अतिक्रमण मुहिम चलाई गई, जिसके तहत नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा नाले के ऊपर अतिक्रमण कर नाले को चोक कर दिया गया था, जिसके कारण गंदे पानी की निकासी व्यवस्थित रूप से नही हो रही थी। इन सभी समस्याओं का निरीक्षण विगत दिवस नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा किया गया और मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति को नाले में हो रहे अवरोध को दूर करने के निर्देश दिए। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने यह भी कहा कि नगर में जहां भी ऐसी स्थिति है।

ऐसे सभी स्थानों को चिन्हित कर समस्या का शीघ्र ही निराकरण करें, ताकि नगर में इंदौर जैसी दूषित जल की घटना घटित न हो सकें। उसी का परिणाम रहा कि आज मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने अपने अधिनस्थ अतिक्रमण अमले को मौके पर जाकर अतिक्रमण हटाने को कहा। सीएमओ श्री प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा विभिन्न प्रकार की सामग्रियां रखकर नाले पर अतिक्रमण कर लिया था, जिसके कारण नाले की व्यवस्थित साफ-सफाई करने में परेशानी आ रही थी। नाले के चोक होने के कारण नागरिकों के नलों में गंदे पानी आने जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न होने की संभावनाएं थी। उक्त नाले को जेसीबी के माध्यम से साफ करवाया गया, वहीं अतिक्रमण को भी हटाया गया। इसी प्रकार नगर के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित लगभग 35 वर्ष पुरानी क्षतिग्रस्त पाईप लाईन होने के कारण नागरिकों के घरों में दूषित पानी पहुंचने की संभावना थी, जिसके चलते सीएमओ ने संबंधित शाखा प्रभारी को पुरानी पाईप लाईन के स्थान पर नवीन पाईप लाईन डालने के निर्देश दिए। सीएमओ श्री प्रजापति ने बताया कि जल को दूषित होने से बचाने के लिए नगरपालिका द्वारा लगातार 10 दिवस तक संपूर्ण नगर में स्थानों को चिन्हित कर जहां समस्या नजर आएगी उसका त्वरित निराकरण कर दिया जाएगा। इस अवसर पर अतिक्रमण प्रभारी कैलाश घेंघट, जमादार मनोज घेंघट, अखिलेश सांगते, गबू प्रजापति आदि मौजूद थे। दो वार्ड से निकलने वाले दूषित जल का बदला रास्ता - नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान किला स्थित वार्ड क्रमांक 4 व 5 से निकलने वाला गंदा पानी जो नाले के माध्यम से नदी में समाहित होते पाया गया। जिसके निराकरण के लिए नपा के तकनीकी अधिकारियों द्वारा सोकता गड्ढा बनाकर उसमें



पृथक-पृथक टेंक निर्मित कर नाले के पानी को नदी में मिलने से डायवर्ट किया गया।

# सात बार यात्रा के पूरी होने पर निकाली बहुमान यात्रा

**भगवान आदिनाथ के लगे जयकारे**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

महिदपुर रोड नगर के वरिष्ठ सुश्रावक भेरूलाल बोथरा के पौत्र संतोष आशा बोथरा के सुपुत्र अंकित बोथरा ने शत्रुंजय गिरिराज पालीताणा महातीर्थ की चौविहार छठ करके 7 यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न की। यात्रा की संपन्नता पर भेरूलाल, संतोष कुमार, माणक कुमार बोथरा परिवार द्वारा गुरुवार को श्री राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर से सात यात्रा के तपस्वी अंकित बोथरा की यात्रा के निमित्त बहुमान यात्रा निकाली गयी।

इसमें सकल श्रीसंघ ने उपस्थित होकर तपस्वी के तप की बारंबार अनुमोदना कर पुण्य का उपार्जन किया। बहुमान यात्रा भगवान आदिनाथ के मंगलकारी जयकारों के साथ बोथरा निवास पर पहुंची वहां पर सकल जैन श्री संघ एवं सभी समाजजनों द्वारा 7 यात्रा के तपस्वी अंकित बोथरा का स्वागत बहुमान किया। लाभार्थी भेरूलाल बोथरा परिवार द्वारा उपस्थित महानुभाव का कुमकुम अक्षत से अभिवादन कर संघ पूजा की गई। साथ ही विधायक के निवास स्थान पर भी रमेश चंद दिनेश जैन, राजेशकुमार, मनोजकुमार, राहुल कुमार बोथरा परिवार द्वारा तपस्वी का बहुमान एवं संघ पूजा की गई। जैन धर्म मे 7 यात्रा का अत्यधिक महत्व है यह यात्रा 2 दिन के चौविहार उपवास करके बिना अन्न जल को ग्रहण किये। हजारों सीढ़ीयौ को सात-सात बार चढ़ते उतरते हुए अत्यंत दुर्लभ महा प्रभावशाली मोक्षदायिनी यात्रा पूर्ण की जाती है। शास्त्रों में कहा जाता है कि उत्कृष्ट विधि एवं उत्कृष्ट क्रिया के साथ अगर शत्रुंजय महातीर्थ की 7 यात्रा की जाती है। तो तीसरे भव में मोक्ष प्राप्ति की प्रबल संभावना होती है।

शत्रुंजय महातीर्थ की यात्रा केवल एक तीर्थयात्रा नहीं, बल्कि स्वयं को जानने, तपस्या करने और कर्म बंधनों से मुक्ति पाने का एक पवित्र व शक्तिशाली माध्यम है। इस मंगलकारी अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन, जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चोरड़िया, सकल जैन श्री संघ समाज व नगर के आमंत्रित वरिष्ठ महानुभाव, नवयुवक, महिला, बहू, तरुण, बालिका परिषद में उपस्थित होकर अनुमोदना की।

# बूथ स्तर पर सौंपे गए कार्य को पूरी गंभीरता के साथ पूरा करें: विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

प्रदेश भाजपा द्वारा समीक्षा बैठकों के बाद दिये गए निर्देशो पर विधायक अतिसक्रिय हुए है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने दो दिन में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल मैना, सिद्दीकगंज, कोठरी, खाचरौद, जावर, डोडी मंडलो की बैठक ली एवं एसआईआर कार्यो की समीक्षा कर निर्देश दिये।

समीक्षा बैठकों में पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का मंडल अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह ठाकुर,सुनील आर्य, देवजी पटेल, शिव पाटीदार, नरेन्द्रसिंह ठाकुर,राकेश सिसोदिया के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। मंडलो की कामकाजी बैठकों को संबोधित कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने एसआईआर के कार्यो की भी समीक्षा कर आगामी कार्यो की जानकारी दी। बैठकों में उपस्तिथ सभी बीएलए टू से एसआईआर के कार्य की जानकारी ली व आगामी कार्यो एवं पार्टी के निर्देशों से अवगत कराया। विधायक इंजीनियर ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों और कार्ययोजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल और विधानसभा स्तर पर सक्रिय रहकर कार्य करना है। बैठकों में भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, बूथ अध्यक्ष, बीएलए टू व सभी अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्केच आर्ट... बनाया सुंदर चित्र



**सीहोर।** स्केच आर्टिस्ट सतीश विश्वकर्मा ने अपनी कला के माध्यम से बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री का चित्र बनाया है। सतीश ने बताया कि यह चित्र उन्होने दो घंटे की मेहनत से तैयार किया है। जिसे वह फरवरी माह में होने वाले रूद्रक्ष महोत्सव के दौरान कुबरेश्वर धाम पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे पंडित धिरेंद्र शास्त्री को सौंपने का प्रयास करेंगे।

## जावर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक हुई संपन्न



**जावर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर में एस आई आर विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, जिला मंत्री जय सिंह ठाकुर, जिला सह कोषाध्यक्ष शिवम सोनी, मनोज वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, खुमान सिंह ,पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव, महामंत्री राजा ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, किशोर पाटीदार ,मान सिंह पटेल, अजाप सेठ, कमल सिंह , कैलाश सोलंकी ,पार्षद वीरेंद्र ठाकुर, पार्षद मदन विश्वकर्मा, धर्मेंद्र ठाकुर, राजेंद्र सेंधव, कृपाल सिंह बामुलिया, धर्मेंद्र पिंटू, जय सिंह ठाकुर बीसुखेड़ी, मान सिंह बीसुखेड़ी ,अजाप सिंह ,पंकज जैन, सुनील लोधी, दिनेश पाटीदार ,के पी ठाकुर ,गोवर्धन सोलंकी, गोविंदराम मालवीय, बाबूलाल जाटव, देवकरण पढ़ुंदिया आदि उपस्थित थे।

# महाविद्यालय में सेवा सप्ताह का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष में शासकीय महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी इकाई के अंतर्गत 6 से 12 जनवरी तक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 6 जनवरी को महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की। 7 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। दिनांक 8 जनवरी को स्वच्छ राष्ट्र, स्वच्छ समाज अभियान के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता, स्वच्छता संदेश, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर व्याख्यान एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने की। कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी प्रभारी राकेश कुमार सोलंकी ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं रेड क्रॉस समिति के सदस्य डॉ विजय कुमार यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे ने अवगत कराया। कार्यक्रम का आभार रेड क्रॉस समिति के सदस्य डॉ शर्मिला गांगले ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी नीतू परवाल, ग्रंथपाल प्रति कुशवाहा एवं इतिहास के सहायक प्राध्यापक भीमसेन मालवीय एवं कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

# इनरव्हील क्लब का वार्षिक मिलन समारोह हुआ संपन्न, महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



इनरव्हील क्लब 304 आष्टा द्वारा स्थानीय गीतांजली गार्डन में वार्षिक मीटिंग एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भोपाल से पधारी इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 304 की चेयरमैन श्रीमती विभा सिंह ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुमार राय सिंह मेवाड़ा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनका क्लब सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया। क्लब अध्यक्ष द्वारा अपने कार्यकाल में किए गए सामाजिक कार्यों, सेवा प्रकल्पों एवं टास्क प्रोजेक्ट्स की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर स्थानीय पत्रकारों को भी सम्मानित किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने महिलाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। चेयरमैन विभा सिंह का प्रेरक उद्बोधन रहा जो नारी शक्ति को प्रोत्साहित करता है। नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने, स्कूल-कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को ड्रग्स के जाल से बचाने का आह्वान किया। उनका कहना था कि यदि हमने किसी एक पीड़ति की सहायता करने में कामयाबी हासिल की तो समझिए हमारे उद्देश्य की पूर्ति हुई यहीं हमारी सफलता है साथ ही उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष से आग्रह किया कि शहर में किसी एक चौराहे का नाम इनरव्हील क्लब के नाम पर रखा जाए, जिससे संगठन को पहचान और प्रेरणा मिले। इस अवसर पर क्लब द्वारा शेखर विश्वकर्मा को ट्राइसाइकिल भेंट की गई, जो शारीरिक रूप से अक्षम होने के बावजूद काष्ठ कार्य कर आत्मनिर्भर जीवन जी रहे हैं। इस आयोजन में इनरव्हील क्लब अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोनी, उपाध्यक्ष सुनीता सोनी, सचिव दीपिका सोनी, कोषाध्यक्ष श्रद्धा पालीवाल, एडिटर अर्चना सोनी, आईएसओ जयश्री शर्मा एवं सदस्य हेमलता सोनी, सुधा सेठिया, चंदा वोहरा, सरोज पालीवाल, जया वोहरा, डॉक्टर अर्चना सोनी, प्रतिभा नागर, विद्या खंडेलवाल, सुनीता नागर, किरण पारख, आशा सोनी, आरती शर्मा, सीमा बैरागी, गीता सोलंकी, जुली वैष्णव, रीना शर्मा, मंदा कासलीवाल, किरण रांका, दीप्ति सोनी उपस्थित रही।

### श्रीमद् भागवत कथा का समापन, अंतिम दिवस उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# काम, क्रोध और मोह पर नियंत्रण रखना चाहिए: गोविंद जाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के आज अंतिम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा श्रवण के लिए दूर–दराज़ से आए श्रद्धालुओं ने संत गोविंद जाने गुरुदेव के अमृत वचनों का लाभ लिया। कथा के समापन अवसर पर गुरुदेव गोविंद जाने ने कहा कि मनुष्य को अपने भीतर के काम, क्रोध और मोह पर नियंत्रण रखना चाहिए, ताकि धर्म पराजित न हो। उन्होंने कहा कि जीवन में एक नियम और मर्यादा का पालन करें, निश्चित ही एक दिन विजय प्राप्त होगी। जो व्यक्ति धर्म का कार्य करता है, उसके प्रति हाथ जोड़कर प्रणाम करना चाहिए, जबकि बुरी नीयत रखने वाले को मात्र प्रणाम करने से कोई लाभ नहीं होता। गुरुदेव ने कहा कि सच्चा सनातनी वही है जो प्रतिदिन माथे पर चंदन लगाए, घर में दीपक जलाए और नियमित रूप से गीता पाठ करे। यही हमारी सच्ची श्रद्धा है। उन्होंने समाज में एकता की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जिस दिन चुनरी यात्रा या किसी भी बहुसंख्यक धर्म आयोजन में पुलिस व्यवस्था की आवश्यकता न पड़े, उस दिन समझना चाहिए कि हिंदू समाज एकजुट हो गया है। उन्होंने जनेऊ, माथे का तिलक और हाथ में बंधे लाल धागे को सनातन संस्कृति का कवच बताते हुए कहा कि गुरु के शब्द परम निधि होते हैं। जिस प्रकार हम अपने कीमती आभूषणों की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार सद्गुरु के वचनों की रक्षा और पालन करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन रूपी नैया निश्चित ही पार लगती है। गुरुदेव ने कहा कि वास्तविक पूंजी भगवद् गीता और रामायण में निहित है। जब मनुष्य जीवन में भटक जाता है, तब यही आध्यात्मिक पूंजी उसके काम आती है। गुरु, ग्रंथ, संत और मंदिर में विश्वास रखने वाले का कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। उन्होंने कर्म सिद्धांत को समझाते हुए कहा कि जैसे भूमि रूपी शरीर में जैसा बीज बोया जाएगा, वैसा ही फल प्राप्त होगा। कर्ण अर्जुन से कमजोर नहीं था, लेकिन अधर्म का साथ देने के कारण उसे पतन का सामना करना पड़ा। जो व्यक्ति शक्तिशाली होते हुए भी अधर्म का साथ देता है, उसका पतन निश्चित है। इस अवसर पर लोकेंद्र सिंह मेवाड़ा, सीहोर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, धारा सिंह पटेल, पूर्व विधायक रघुनाथ मालवीय, जीवन सिंह मंडलोई, ललित नागोरी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, समिति अध्यक्ष रूपेश राठौर, संयोजक मनोज नागर, जगदीश चौहान, मीडिया प्रभारी जुगल पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम को बनाया चुनाव समिति का सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



आगामी पश्चिम बंगाल में होने जा रहा है विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व ने सभी मोर्चा में पदाधिकारी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण के अनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम को विधानसभा चुनाव समिति का सदस्य नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम ने बताया कि भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा कल जारी की गई। पश्चिम बंगाल चुनाव समिति सूची में 11 लोगों की समिति में मुझे शामिल किया गया। इसके लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण भाई साहब का बहुत-बहुत धन्यवाद। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी ने बताया 8 और 9 जनवरी को महत्वपूर्ण बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय कोलकाता में रखी गई है। जिसमें आगामी चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जाएगी।